दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 250 मुरादाबाद, 30 December 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार



### भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक ग्रंथ की प्रतियां जलाईं, वीडियो VIRAL होने के बाद विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

अलीगढ़ रोड स्थित पार्क के बाहर भीम आर्मी की कार्यकर्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर मनुस्मृति की प्रति जला दी। इसके बाद सभी मनुस्मृति मुर्दाबाद और भारतीय संविधान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। मनुस्मृति की प्रति जलने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद लोगों ने इसका विरोध करते हुए कार्रवाई की मांग की। भीम आर्मी की कार्यकर्ता ने अपने तीन साथियों के साथ धार्मिक ग्रंथ की प्रति जलाई। धार्मिक ग्रंथ की प्रति जलाने का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की। वहीं, मामले को संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है।अलीगढ़ रोड स्थित पार्क के बाहर भीम आर्मी की कार्यकर्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर मनुस्मृति की प्रति जला दी। इसके बाद सभी मनुस्मृति मुर्दाबाद और भारतीय संविधान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। मनुस्मृति की प्रति जलने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कुछ लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने इसका विरोध किया और इस मामले में कार्रवाई की मांग की। समाज के लोगों ने मनुस्मृति की प्रति जलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। आक्रोशित लोगों ने बताया कि मनुस्मृति को जिनके द्वारा जलाया गया है, इससे समाज में भारी आक्रोश है। इन लोगों ने समाज व जाति के आधार पर द्वेष भावना फैलाने का काम किया है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने तहरीर पर सभी आरोपितों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीनों में था प्रेम..मैं भी आ रहा हूं, सभी को राम-राम लिख दे दी जान, 12 घंटे में दो भाइयों ने की आत्महत्या



संभल के धनारी इलाके में दो भाइयों में फंदे में लटकर जान दे दी। तीसरे ने भी आत्महत्या करने की कोशिश की लेकिन उसे बचा लिया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर परिजनों से बात कर रही है। दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। संभल जिले के धनारी थाना क्षेत्र निवासी दो भाइयों ने फंदे से लटककर जान दे दी। तीसरे को आसपास के लोगों और परिजनों ने बचा लिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। दो शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि विजय सिंह के तीन बेटे हैं। इनमें सबसे बड़ा मुनीश (25) हरियाणा में नौकरी करता है। दो भाई बृजेश (19) और पान सिंह (22) गांव में ही खेती कर रहे हैं। बृहस्पतिवार देर शाम पिता विजय सिंह ने अपनी पत्नी को किसी बात पर डांट दिया। गाली-गलौज सुन सबसे छोटे बेटे बृजेश ने विरोध किया। इसके बाद दोनों में गहमागहमी हो गई।इससे गुस्से में आकर वह जंगल की तरफ चला गया। इसके बाद उसने पेड़ से लटककर जान दे दी। परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो उनमें कोहराम मच गया। इससे आहत होकर दूसरे बेटे पान सिंह ने कमरे का दरवाजा बंद कर आत्महत्या का प्रयास किया। लोगों को कुछ आहट हुई तो उन्होंने दरवाजा तोड़ उसे बाहर निकाला। तब तक उसकी हालत बिगड़ गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर हरियाणा से मुनीश भी धनौरी स्टेशन पहुंच गया। जब उसे भाई की मौत का पता चला तो उसने मौके पर आत्महत्या कर ली। हाथ में लिखा हम तीनों भाइयों में बहुत प्रेम था..मैं भी आ रहा हूं, सभी को राम-राम। दो भाइयों की मौत के बाद परिजनों से उनका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की सूचना के बाद एएसपी श्रीशचंद्र, सीओ दीपक तिवारी गांव पहुंचे। इसके बाद परिजनों से जानकारी ली।

## कांग्रेस इस दिन से सीट बंटवारे पर चर्चा शुरू करेगी; ममता बोलीं- बंगाल में TMC ही भाजपा को हरा सकती है

ममता बनर्जी ने इस मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि देशभर में इंडिया गठबंधन है, लेकिन बंगाल में टीएमसी लड़ेगी और भाजपा को हराएगी। याद रखें के बंगाल में केवल टीएमसी ही भाजपा को सबक सिखा सकती है।लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना बिगुल फूंक दिया है। चुनाव से पहले लेकर जल्द ही चर्चा हो सकती है। कांग्रेस लेकर जनवरी के पहले हफ्ते में चर्चा हो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसपर अपनी ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया-ममता बनर्जी देशभर में इंडिया गठबंधन है, लेकिन भाजपा को हराएगी। याद रखें की बंगाल सबक सिखा सकती है और कोई पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों और इंडिया गठबंधन ने 19 दिसंबर को बैठक राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने हिस्सा



इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारें को के सूत्र के अनुसार सीट बंटवारे को सकती है। वहीं पश्चिम बंगाल की प्रतिक्रिया दी है। सीट बंटवारे पर ने इस मुद्दे पर बात करते हुए कहा, बंगाल में टीएमसी लड़ेगी और में केवल टीएमसी ही भाजपा को ये नहीं कर सकती है। बता दें कि रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए बुलाई थी। इस बैठक में 28 लिया था। इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'इंडिया' गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया गया था। इस बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि सभी ने साथ मिलकर आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। बैठक के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अभियान के शुरू होने के साथ ही सीट बंटवारे पर चर्चा की जाएगी। वहीं जेएमएम सांसद महुआ माजी ने बताया था कि अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## यह महाराष्ट्र है और शिवसेना यहां की सबसे बड़ी पार्टी, सीट बंटवारे पर बोले संजय राउत



संजय राउत ने कहा कि यह महाराष्ट्र है और शिवसेना यहां की सबसे बड़ी पार्टी, लेकिन कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है। उद्धव ठाकरे कांग्रेस के निर्णय लेने वाले नेता मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी से लगातार चर्चा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारे को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना ही सबसे बड़ी पार्टी है। इसी के साथ उन्होंने शिवसेना को राज्य का नंबर-1 पार्टी बताया है।संजय राउत ने कहा, %यह महाराष्ट्र है और शिवसेना यहां की सबसे बड़ी पार्टी, लेकिन कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है। उद्धव ठाकरे कांग्रेस के निर्णय लेने वाले नेता मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी से लगातार चर्चा कर रहे हैं। हमने हमेशा कहा कि हम लोकसभा में 23 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान हमने निर्णय लिया कि जीत हासिल करने के बाद ही हम सीट बंटवारे पर चर्चा करेंगे। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस महाराष्ट्र में एक भी सीट नहीं जीत पाई है, इसलिए उन्हें शून्य से शुरू करना होगा। कांग्रेस, महाविकास अघाड़ी (एमवीए) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिवसेना आज भी महाराष्ट्र में नंबर-1 पार्टी है। शिवसेना और शरद पवार को यहां की जनता का पूर्ण समर्थन है। सीट बंटवारे को लेकर एमवीए में कोई विवाद नहीं है। हम इस मुद्दे पर निर्णय लेने वाले नेताओं के साथ सकारात्मक चर्चा करते हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में हुई थी सीट बंटवारे को लेकर चर्चा- बता दें कि इंडिया गठबंधन ने 19 दिसंबर को बैठक की थी, जिसमें सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा था कि बहुत जल्द सीटें बांटी जाएंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इस बैठक के बाद बताया कि अभियान शुरू होने के बाद सीट शेयरिंग भी होगी। जेएमएम सांसद महुआ माजी ने मीडिया से कहा कि इस बैठक में सीट बंटवारे से लेकर प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर भी चर्चा की गई। कांग्रेस के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने भी कहा था कि इस बैठक का मुख्य फोकस सीट बंटवारा ही रहा।

## मथुरा-वृंदावन के होटल हाउस फुल: नए साल पर उमड़ेगी भीड़, तीन दिन में पहुंचे 18 लाख श्रद्धालु



मथुरा के वृंदावन में साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को ठा. श्री बांकेबिहारी के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। नववर्ष पर विभिन्न मंदिरों में विशेष आयोजन की तैयारियां भी शुरू हो गईं हैं।मथुरा-वृंदावन में नया साल मनाने के लिए दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों के लोगों में बर्फ की वादियों से ज्यादा बांकेबिहारी के दर्शन की उत्सुकता है। सर्दियों की छुट्टियां व्यतीत करने और नया साल मनाने के लिए श्रद्धालु बांकेबिहारी के दर्शनों के लिए आ रहे हैं। बीती 23, 24 और 25 दिसंबर की बात करें तो लगभग 18 लाख श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे। जबकि क्रिसमस पर कुल्लू-मनाली जाने वाले पर्यटकों के आंकड़े 10-15 ही बताए जा रहे हैं। वहीं, शिमला में करीब 1.5 लाख पर्यटक पहुंचे।

आलम यह है कि नए साल के मद्देनजर मथुरा-वृंदावन के 400 के करीब होटलों में एडवांस बुकिंग हो चुकी है। कमरों का किराया दो से तीन गुना मांगा जा रहा है।सप्ताहांत और क्रिसमस के दिन बांकेबिहारी केड्डु दर्शन करने के लिए दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश और राजस्थान से करीब 18 लाख श्रद्धालु बांकेबिहारी का दीदार करने आए और अब भी 2-3 लाख लोगों के आने का सिलसिला जारी है। नए साल की पूर्व संध्या और एक जनवरी को करीब 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यही कारण है कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने पांच जनवरी तक बाहरी वाहनों के वृंदावन में प्रवेश पर रोक लगा दी है। भीड़ नियंत्रण के लिए मंदिर के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। बांकेबिहारी मंदिर के सह प्रबंधक उमेश सारस्वत का कहना है कि सर्दियों की छुट्टी हो या फिर त्योहार या नया साल, इन मौकों पर देशभर से लाखों श्रद्धालु बांकेबिहारी के दर्शन करने के लिए आते हैं। यह सिलसिला एक जनवरी से दो दिन पहले से पांच जनवरी तक बना रहता है। फोगला आश्रम के प्रबंधक जागेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि उनके दोनों भवनों में 200 कमरे हैं, जो कि 12 नवंबर से 11 जनवरी तक फुल हैं। एक से दो माह पहले से ही कमरों की बुकिंग हो रही है। अन्य वर्षों की तुलना में इस बार ज्यादा श्रद्धालु वृंदावन आ रहे हैं। यही हाल वृंदावन के अन्य होटल और गेस्टहाउस का है। सभी हाउसफुल हैं और प्रति कमरा किराया भी दो से तीन गुना हो गया है।

## ललन बाबू को समझना चाहिए था कि जो आदमी... इस्तीफे पर जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार पर बोला बड़ा हमला



जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफे के बाद बिहार की राजनीति एक बार फिर से गरमा गई है। कई नेताओं के बयान सामने आए हैं। इसी क्रम में हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार किसी के सगे नहीं हैं। उनपर भरोसा नहीं करना चाहिए। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के सूत्रधार और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इस मामले पर अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है। ऐसा कोई सगा नहीं जिसे नीतीश ने ठगा नहीं- जीतन राम मांझी- जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नीतीश कुमार की तीन वर्षीय योजना के तहत ललन सिंह का भी पत्ता साफ कर दिया गया है। वैसे ललन बाबू को समझना चाहिए था कि जो नीतीश कुमार फार्नांडिस साहब के ना हुए,RCP बाबू,शरद यादव,दिगविजय सिंह के ना हुए वह उनके कैसे होंगें? ऐसा कोई सगा नहीं जिसे नीतीश ने ठगा नहीं जीतन राम मांझी और नीतीश कुमार में हो चुकी है तीखी नोंकझोंक- विधानसभा में जीतनराम मांझी और नीतीश कुमार के बीच जातीय जनगणना को लेकर एक बार तीखी नोंकझोंक हो गई थी। नीतीश कुमार तुम तराक पर उतर गए थे। दरअसल, चर्चा के दौरान जीतन राम मांझी ने कहा था कि हम किसी भी हाल में नहीं मानते कि बिहार में जातिगत जनगणना सही हुई है। अगर आंकड़े गलत हैं तो सही लोगों तक लाभ नहीं पहुंचेगा। मांझी की इसी बात पर नीतीश कुमार भड़क गए। नीतीश कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि अरे तुम मेरी मूर्खता की वजह से सीएम बन गए। दो महीने के भीतर ही हमारी पार्टी में लोग तुम्हें हटाने के लिए कहने लगे। इस आदमी को कोई आइडिया है।

## क्या राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होंगी सोनिया गांधी? जयराम रमेश ने दिया ये जवाब



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी को भी निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन दोनों नेताओं ने अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। कांग्रेस सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है। बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें शामिल होने के लिए देशभर से हस्तियां अयोध्या पहुंचेंगी। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोनिया गांधी के साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी निमंत्रण भेजा गया है। जयराम रमेश बोले- समय आने पर बता दिया जाएगा फैसला कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण मिल गया है। इस पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा और समय आने पर बता दिया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने जब सोनिया गांधी और अन्य नेताओं को निमंत्रण भेजा था तो उसी वक्त कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने इसे लेकर सकारात्मक संकेत दिए थे। जब दिग्विजय सिंह से इसे लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि %सोनिया गांधी को राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने पर क्या आपत्ति हो सकती है? वह इस मामले को लेकर सकारात्मक रही हैं।

## संपादकीय Editorial

### Police's own court

The landmark judgment of its kind snatched away the present day role of Himachal Police Chief and Kangra SP from the ambit of criminal investigation. The Honorable High Court, while listening to the prayers of the businessman of Palampur, has given directions to the State Government that for the fairness of the investigation process, the officials of the police department should be removed from the scene. If we understand the reason for such strict instructions, then it is the embarrassment of Himachal in terms of law and order. The circumstances under which the Palampur businessman came into contact with the police have disrupted the entire law and order situation in the bilateral matter. Businessman Nishant may have his own personal issues, business troubles or legal complications and the court process and justice system definitely play an important role in their settlement, but here this person is pleading about his helplessness in front of the fear of the police system. He feels that he is being unnecessarily threatened. He lodges his complaint with the chiefs of Shimla and Kangra police. It is surprising that in the same state, the view of the law, the copy of the FIR and the cognizance changes between the SP of Shimla and the SP of Kangra. The wonder is why a DGP level top brass officer is giving missed calls fifteen times to a businessman or why the Palampur officials under him want to force Nishant to communicate by putting pressure on him. Are police courts now a change in the direction of the state's own law and order system? We do not say what is the matter of Nishant and how innocent, honest or heinous are the layers of this case, still we cannot accept that a top officer of the police department, by using his influence as a court, himself becomes a court outside the court.

Why SP Madam, as Kangra Police Chief, mortgaged the basic knowledge of the legal process and at whose behest she subordinated the bright side of her role, raises doubts. Obviously, after the strict instructions of the High Court, the government will have to be strict. This is not a case, but the appearance and moral degradation of the state police machinery. This is blindness and deafness of the state, completely contrary to the democratic belief of good governance. If the Sukhu government had taken action only on the primary complaint of the businessman, there would have been no need for the court to raise doubts. Here, we would like to question the role of many other departmental officers apart from the police department who are forcing the system to break even. This state is no longer innocent, but is synonymous with such collusion where a few leaders, officers, bureaucrats, media people, contractors and officials of employee organizations are changing the system as per their selfish intentions. A strange relationship is developing in Himachal with administrative, political and social corruption, which is getting personally desired gifts on the front line of development. To see how many officials are active in selling lands, observe the busyness of registration offices till late evening. Such contacts are involved in the irregularities of investment taking place in Himachal. The system of transfers is also flourishing with the participation of many offices, but no government wants to try its system changing skills in this. Ultimately, if the court is to ensure good governance, it will become increasingly difficult for every citizen to live up to his or her integrity. A resourceful businessman can muster enough courage to defend his soul through the High Court, wearing the protective shield of law, but a common man often loses courage even to reach the district courts. It is expected that in the light of the clear orders of the High Court, the Sukhu government.

# Topical: Some standards should be set to avoid partisanship and extremism.

Social media news reporting has destroyed the 'watchman' role of traditional journalism. Traditional journalism plays its role within the ambit of law. Whereas there is no legal binding or accountability in social media journalism. Social media, which grew with the help of technological revolution, has challenged traditional media strongholds and made journalism easily accessible. Social media emerged as a hope for news that could not be delivered through power, corporate and other establishments. He also showed his strength. When there was no social media, small newspapers and magazines played the role of alternative media and exposed the truths and ideas that were lost in the blind tunnels of corporate, politics and power. But due to limited resources its reach remained very limited. But social media gave unlimited reach and dissemination to that alternative media. This power that came through technology and data was seen as a boon. But is social media doing impartial journalism? Recently, the way the journalists, who were once veterans of news channels, reported the assembly elections of five states on social media platforms, the way they kept showing only a particular party winning, has raised questions on the credibility of social media journalism. Moreover, it has also been made clear that social media is just propaganda of a particular party under the guise of journalism and reporting. Famous Hindi storyteller Rajendra Yadav had said in one of his interviews that the literary battle is like an air strike, through which an atmosphere is created. Yogendra Yadav, who was once an election analyst and has now become a politician, has also been saying that through his movement he prepares a pitch for the opposition. But the opposition i.e. a particular party is not able to take political advantage of it. The way reporting has been done on YouTube, Facebook and other social media platforms in the last few elections seems to be an attempt to create an atmosphere. In such a situation, it is natural to raise the question whether the democratization of news-making that was expected through social media has been achieved? Certainly the answer to this question is no. If this had happened in an election and social media reporting had failed, it would have been considered professional deficiency. But this is happening every time. Be it Karnataka and Himachal Assembly elections or Gujarat Assembly elections, every time if we look deeply at the reporting of today's social media giants, we will come to know that they were preparing a pitch for a particular party. It should also be remembered here that most of those who have created a market for their journalism on social media today were the heroes of news channels till a few years ago. Even then his attitude was the same. However, due to the policies of their institutions, they were not able to openly support or oppose any particular party. Social media news reporting has destroyed the 'watchman' role of traditional journalism. Traditional journalism plays its role within the ambit of law. Whereas there is no legal binding or accountability in social media journalism. That is why social media journalism is now being called partisanship. The question arises whether promoting any party under the guise of journalism should be considered legitimate on a journalistic scale? The minimum guarantee of journalism is impartiality. Of course, traditional media institutions are also not completely impartial, but they do not report unilaterally in favor of any particular party. But a similar trend was seen in social media journalism. Therefore, the time has come that social media journalism should also be regulated. Social media platforms will also have to legally create mechanisms to develop algorithms that promote fairness, not extremism.

# Exhibition: Good days of art, increased interest of world's big painters in Indian market

In 2023, one of Raza's paintings will be sold for Rs 55 crores, the corporate world is taking interest in the art fair, the organization of Vastu Shastra Biennale in the Red Fort of Delhi on the initiative of the Ministry of Culture and the interest of the world's big painters in the Indian market. All these things are great signs for Indian art. In the context of Indian contemporary painting, this year makes a special place in our memory for four special reasons. The first reason is related to the international market of arts, the second and third are related to a separate initiative of the corporate world and the fourth is related to a government initiative. It was a happy coincidence that earlier this year a retrospective exhibition of our world famous painter Syed Haider Raza was organized at the Pompidou Center in Paris. This exhibition was significant not just because it was the first exhibition of an Indian painter in a premier museum abroad, but, its unprecedented importance lay in the fact that this exhibition finally brought Indian painters to the attention of a particular ecosystem of the global art world. . The immediate result of this exhibition was that overnight Raza became the most expensive artist of Indian contemporary art. After this exhibition, a portrait of Raza was sold for a record Rs 55 crore in an auction. Now from this year, this trend of foreign market has started with other Indian artists also. This is an indication that Indian art, which till now was basically standing on the shoulders of Indian collectors living in the country and abroad, seems to be getting a new expansion after this exhibition by suddenly coming within the scope of the new international market. Although the market for Indian painting is still very small compared to China, America or Europe, the interest of the old established foreign players in this game of art market is an indicator of the upcoming debut of Indian painting. The Indian art market has entered the world of international indices of art. Now let's talk about the other aspect. A new art fair has started in Mumbai last month. This fair has been started at Mahalaxmi Race Course in Mumbai on the initiative of the famous auction house Saffron Art. Till now, 'India Art Fair' used to be held in Delhi, and due to this, Delhi itself was the center of contemporary art in India for the last decade. It is well known that till a few decades ago Mumbai was the only economic gateway city for artists, many of the big collectors were from Mumbai in the first place. This very successful art fair held in Mumbai has broken the centrality of Delhi and this decentralization is good for the art world of a big country like India. The third major initiative is the Nita Mukesh Ambani Cultural Center in Mumbai provided by Reliance Group. Equipped with international standards, this center has been successful in creating a distinct identity since its inception. The very first exhibition of this center has forced many big artists of the world like Jeff Koons, Anselm Kiefer, Anish Kapoor to turn towards India. In a way, this center is an attempt within India to connect India with the world, this is important. The new complex of Kiran Nadar Museum in Delhi is also going to add a new chapter to the Indian art world, it will probably be the largest museum of modern art run by a corporate. At the same time, if Kochi Biennale has made South India a destination and Delhi Art Fair has made North India a destination, then with these two ventures Mumbai has also regained its lost presence. Although this is also less for a huge country like India, but it is expected that in the coming few years, some big art-centric initiatives of the corporate world can take place in Bengal and Gujarat also. Fourth, on the initiative of the Ministry of Culture of India, the Vastu Shastra Biennale has started in the Red Fort of Delhi from this year. On the lines of Architecture Biennales like Venice, Chicago, Istanbul, Hong Kong and Lisbon, a Biennale has now been conceived in India at the government level. Although this hastily organized Biennale was weak in its first edition in terms of concept and implementation, it should still be welcomed. Probably, in the times to come, India, which is also known across the world for its architectural diversity, may get a new identity through the proper conduct of this Biennale and its concept.The first reason is related to the international market of arts, the second and third are related to a separate initiative of the corporate world and the fourth is related to a government initiative. It was a happy coincidence that earlier this year a retrospective exhibition of our world famous painter Syed Haider Raza was organized at the Pompidou Center in Paris. This exhibition was significant not just because it was the first exhibition of an Indian painter in a premier museum abroad, but, its unprecedented importance lay in the fact that this exhibition finally brought Indian painters to the attention of a particular ecosystem of the global art world. . The immediate result of this exhibition was that overnight Raza became the most expensive artist of Indian contemporary art. After this exhibition, a portrait of Raza was sold for a record Rs 55 crore in an auction. Now from this year, this trend of foreign market has started with other Indian artists also. This is an indication that Indian art, which till now was basically standing on the shoulders of Indian collectors living in the country and abroad, seems to be getting a new expansion after this exhibition by suddenly coming within the scope of the new international market. Although the market for Indian painting is still very small compared to China, America or Europe, the interest of the old established foreign players in this game of art market is an indicator of the upcoming debut of Indian painting. The Indian art market has entered the world of international indices of art. Now let's talk about the other aspect. A new art fair has started in Mumbai last month. This fair has been started at Mahalaxmi Race Course in Mumbai on the initiative of the famous auction house Saffron Art. Till now, 'India Art Fair' used to be held in Delhi, and due to this, Delhi itself was the center of contemporary art in India for the last decade. It is well known that till a few decades ago Mumbai was the only economic gateway city for artists, many of the big collectors were from Mumbai in the first place. This very successful art fair held in Mumbai has broken the centrality of Delhi and this decentralization is good for the art world of a big country like India. The third major initiative is the Nita Mukesh Ambani Cultural Center in Mumbai provided by Reliance Group. Equipped with international standards, this center has been successful in creating a distinct identity since its inception. The very first exhibition of this center has forced many big artists of the world like Jeff Koons, Anselm Kiefer, Anish Kapoor to turn towards India. In a way, this center is an attempt within India to connect India with the world, this is important. The new complex of Kiran Nadar Museum in Delhi is also going to add a new chapter to the Indian art world, it will probably be the largest museum of modern art run by a corporate. At the same time, if Kochi Biennale has made South India a destination and Delhi Art Fair has made North India a destination, then with these two ventures Mumbai has also regained its lost presence. Although this is also less for a huge country like India.

# फेविक्विक के प्रयोग से एटीएम पर ग्राहक के खाते को साफ करने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, यूट्यूब पर सीखी कला

## फर्जी आधार व एटीएम कार्ड, कार, तमंचा-कारतूस व नौ हजार रुपये के साथ दो अभियुक्त दबोचे




मुरादाबाद- पुलिस ने एटीएम कार्ड लगाने वाले स्थान पर फेविक्विक लगाकर बैंक ग्राहक से ठगी करने वाले दो चेहरों को सार्वजनिक कर दिया है। बिलारी थाना पुलिस ने शुक्रवार को इन दोनों शातिरों को गिरफ्तार किया है। इन शातिर दिमाग वाले अभियुक्तों में रिजवान पुत्र मुशरफ खान और फैजान पुत्र शाहिद हुसैन हैं। पुलिस ने इनके पास से फर्जी एटीएम, आधार कार्ड, तमंचा, कार और 9,000 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने बताया कि सीओ बिलारी के नेतृत्व में बिलारी पुलिस ने अभियुक्त रिजवान व फैजान को राम रतन इंटर कॉलेज के पास से दबोचा है। ये लोग बारीपुर भमरौआ थाना हजरत नगर गढ़ी जिला संभल के रहने वाले हैं। एसपी देहात ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वह दोनों पहले से ही एटीएम बूथ पर पहुंचकर एटीएम में कार्ड लगाने वाली जगह पर फैवीक्विक लगा देते थे। फिर कार्ड धारक जब अपना कार्ड एटीएम मशीन में लगाता था तो वह उसी में चिपक जाता था और पीछे खड़े होकर वे लोग अन्य ग्राहक के एटीएम का पासवर्ड देख लेते थे। कार्ड धारक से उसके कार्ड को मशीन में फंसे होने के संबंध में सूचित करने बैंक शाखा में भेज देते थे। इसी बीच आरोपी उस संबंधित ग्राहक के एटीएम से ही रुपये निकाल लेते थे। इस तरह इन लोगों ने कई घटनाएं की हैं। एसपी देहात ने बताया, इन दोनों अभियुक्तों ने तमंचा के बारे में बताया कि यदि कोई व्यक्ति इनका पीछा करता था तो ये लोग उसे तमंचा दिखाकर डराकर वापस कर देते थे और रुपये लेकर भाग जाते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एटीएम के चार कार्ड, तीन फर्जी आधार कार्ड, दो तमंचा-चार कारतूस बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रवींद्र प्रताप सिंह, दरोगा सतेंद्र कुमार व कांस्टेबल अरविंद यादव और अंकित कुमार थे।

### नोएडा में एक व्यक्ति व यू-ट्यूब पर सीखी कला

बिलारी थानाध्यक्ष रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया, एटीएम में कार्ड लगाने वाले स्थान पर फेविक्विक लगाकर ग्राहक के कार्ड के चिपकने के बाद उसे उलझाकर खाते से रुपये निकालने की कला आरोपियों ने नोएडा में किसी व्यक्ति से सीखी है। यू-ट्यूब पर भी सीखा है। एटीएम बूथ पर जाकर जालसाजी करने वाले गिरोह में रिजवान व फैजान ही हैं। इसमें फैजान मास्टरमाइंड है। फैजान रिजवान की कार से घटना करने जाता था। थानाध्यक्ष को उम्मीद है कि अभियुक्तों का चेहरा सार्वजनिक हुआ है, अब वह लोग भी उनके संपर्क में आएंगे जो अब तक इनकी ठगी के शिकार होने के बाद मामले को छिपाए रहे हैं।

### इस तरह खुला मामला

थानाध्यक्ष ने बताया कि, बिलारी कस्बे में भी ये लोग घटना करने का प्रयास किया था। एटीएम बूथ पर ग्राहक के पहुंचने से पहले फेविक्विक लगाया था। चूंकि, ग्राहक एटीएम पर देर से पहुंचा और पहले से लगा फेविक्विक सूखने से ग्राहक का कार्ड एटीएम स्क्रीन पर शो नहीं हुआ तो वह लौट गया था। अन्य कई ग्राहक भी उस एटीएम पर पहुंचे थे, उनके भी कार्ड नहीं लग रहे थे।शिकायत मिलने पर बैंक के टेक्निकल कर्मी एटीएम बूथ पर समस्या देखने पहुंचे थे। जांच में पाया कि उसमें कार्ड लगाने वाले स्थान पर फेविक्विक लगा है। एटीएम पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जांचे तो दो लोग एटीएम में कार्ड वाले स्थान पर फेविक्विक लगाते दिखे। सूचना पुलिस को मिली तो थानाध्यक्ष अलर्ट हो गए थे। उन्होंने बताया, गिरफ्तार फैजान व रिजवान ने नोएडा, गाजियाबाद, संभल, मुरादाबाद समेत कई जिलों के एटीएम बूथों पर घटनाएं कर चुके थे।

# स्टेशन पर सद्भावना एक्सप्रेस की प्रतीक्षा में 11 घंटे बैठे रहे यात्री



मुरादाबाद-कड़ाके की ठंड ने बढ़ा दी यात्रियों की दिक्कत, कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पर लगाया ब्रेक कड़ाके की ठंड और घना कोहरा यहां ट्रेनों की यात्रा में बड़ी समस्या लेकर आया है। रात और दिन के कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार रोक दी है। शुक्रवार को लंबी दूरी की ट्रेनों के इंतजार से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। मौसम की इस मार के बीच सद्भावना एक्सप्रेस के यात्रियों को ट्रेन की प्रतीक्षा में 11 घंटे स्टेशन पर बैठना पड़ा। लोकल ट्रेनों का इंतजार भी कम उलझन वाला नहीं था। दैनिक यात्रियों को कार्यालय पहुंचने की चिंता थी और समय से गंतव्य तक पहुंचने की मजबूरी थी।

सुबह के समय मुरादाबाद से नजीबाबाद के बीच चलने वाली सवारी गाड़ी 1:30 घंटे विलंब से रवाना हुई जबकि, यही ट्रेन वापसी में 2:15 घंटे बाद स्टेशन पहुंची। आनंद विहार से रक्सौल के बीच चलने वाली सद्भावना एक्सप्रेस का इंतजार यात्रियों को रुला गया।यह ट्रेन आनंद विहार से ही चलती है लेकिन, यहां तक आने में 11 घंटे की देर हो गयी। गरीब एक्सप्रेस 7 घंटे 20 मिनट विलंब से पहुंची। हिमगिरी एक्सप्रेस के यात्रियों को साढ़े चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। लिंक एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे और अवध-असम एक्सप्रेस डेढ़ घंटे विलंब से पहुंची। शाम तक ट्रेनों की समयबद्धता में कुछ सुधार जरूर हुआ लेकिन, अमरनाथ एक्सप्रेस 5:41 मिनट, जलियावाला बाग एक्सप्रेस 3:43 मिनट, पोरबंदर एक्सप्रेस दो घंटे, देहरादून से वाराणसी के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस 2:08 मिनट और जम्मूतवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3:51 मिनट देरी से आई। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार का कहना है कि रात के समय में ट्रेनों का संचालन अधिक प्रभावित हो रहा है। दिन में कोहरे का असर कम होने से आसानी हो रही है।

# डी0 डी 0पुरम स्थित कुष्ठ आश्रम में गर्म कपड़े,खाद्य सामग्री वितरित



क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।नव वर्ष से पहले पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल और स्कूल की दूसरी ब्रांच नबावगंज स्थित हैपी ट्रेल्स के कक्षा छह से आठवीं तक के बच्चों ने टीचर्स राधिका और अनु रस्तोगी के साथ डी0 डी0 पुरम स्थित कुष्ठ आश्रम जाकर परिवारों को खाद्यान्न सामग्री, कपड़े , दवाइयाँ, मास्क और सैनिटाइजर वितरित किया। इस पुनीत कार्य में पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल अभिभावकों और चेयरमैन पारुष अरोरा डायरेक्टर पार्थ अरोरा, प्रिंसिपल ममता सक्सेना, वाइस प्रिंसिपल शिवानी सूरी, कोआर्डिनेटर वैशाली गुप्ता, टीचर्स और हैप्पी ट्रेल्स की मिडिल विंग की कोआर्डिनेटर योग्यता गंगवार ,जूनियर विंग की कोआर्डिनेटर रवजीत बग्गा और टीचर्स का सहयोग रहा। बच्चों को कुष्ठ आश्रम ले जाने का मकसद दूसरों के प्रति सेवा भावना से प्रेरित करना और यह बताना था कि इस तरह के परमार्थ कर्म करने से ईश्वर के कृपा पात्र बनते हैं और ऐसे लोगसमस्त मानव जाति के लिए एक प्रेरणास्त्रोत होते हैं ।

# ठंड बढ़ते ही नगर में जलने लगे अलाव




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। ठंड का असर बढ़ते ही नगर पंचायत अध्यक्ष शकुन्तला देवी ने नगर में जनता की सुविधा के सार्वजनिक अलाव जलवाने शुरू कर दिए। शुक्रवार को 40स्थानों पर अलाव जलाए गए। जिससे आम राहगीरों को ठंड से बचने में मदद मिली। अधिशासी अधिकारी अंकित गंगवार ने बताया और जरूरत पड़ने पर अलावों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। ताकि सर्दी में किसी भी व्यक्ति को समस्या न हो।

# स्कूलों के बाहर धड़ल्ले से बिक रहे नशीले पदार्थ, बच्चों को लग रही नशे की लत



मुरादाबाद-महानगर में स्थित स्कूलों व महाविद्यालय के बाहर खुलेआम नशीला पदार्थ बिक रहा है। जबकि नियमों के अनुसार स्कूलों से 100 मीटर की दूरी तक ऐसे पदार्थों की बिक्री प्रतिबंधित है। अधिकांश सरकारी, निजी स्कूलों के पास लोगों ने टॉफी सहित अन्य खाद्य सामग्री बेचने के लिए दुकाने खोल रखी हैं और इन दुकानदारों ने इस सामान के साथ ही बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा भी रखना शुरू कर दिया है। स्कूल के बहार दुकानें होने के कारण बच्चों में नशे की बुरी लत पड़ने लगी है। जबकि नियमानुसार स्कूल परिसर से 100 मीटर की दूरी तक मादक पदार्थ नहीं बेचे जा सकते हैं।

इस संबंध में स्कूलों के बाहर भी चेतावनी लिखनी जरुरी होते हैं, लेकिन स्कूलों के बाहर यह चेतावनी नजर नहीं आती है। दिल्ली रोड स्थित निजी यूनिवर्सिटी, सिविल लाइन स्थित कंपोजिट विद्यालय दांग सहित अन्य स्कूलों के बाहर खुलेआम नशीले पदार्थ बिक रहे हैं। लेकिन जिम्मेदारों इन्हें अनदेख कर रहे हैं।

# पीड़िता का आरोप लूट के मामले में मुंडापांडे पुलिस ने अन्य और आरोपियों के खिलाफ नहीं की कार्रवाई पीड़िता न्याय की गुहार लगाने पहुंची एसएसपी कार्यालय



क्यूँ न लिखूँ सच

यूसुफ

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद मूढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर की रहने वाली महिला दीलवरी पत्नी जुनैद मियां ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र देते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। दरअसल पीड़िता का आरोप है कि बीते कुछ समय पूर्व उसके घर में सीढ़ी लगाकर हथियार से लैस होकर लूट करने के इरादे से मुकीम, फुरकान, जाहिद, जावेद,वसीम, और नईम आदि लोग घुस गए और जानलेवा हमला कर दिया, जिसमे उसका पति बुरी तरह घायल हो गए। पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र में यह भी कहा है कि उसने थाने में शिकायत भी की लेकिन पुलिस ने मनमाने तरीके से कार्रवाई की गई पीड़िता के द्वारा शिकायती पत्र में ये भी कहा गया है कि आरोपी उसे लगातार धमकियां दे रहे हैं,वहीं पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है, साथ ही थाना पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं वहीं पीड़िता का यह भी आरोप है कि वाजिद नाम के व्यक्ति ने उससे 30 हजार रुपए ले ली है और कहां कि उसके पति का इलाज करवाएगा और अन्य आरोपीयो को भी गिरफ्तार करवाएगा लेकिन ना तो उसने इलाज करवाया ना तो अन्य और आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करवाई है

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# योग में गोल्ड मैडल प्राप्त कर संग्राम सिंह ने जनपद का किया नाम रोशन




क्यूँ न लिखूँ सच

नेहा श्रीवास

झाँसी योग में गोल्ड मैडल प्राप्त कर संग्राम सिंह यादव सैंयर ने जनपद का नाम रोशन किया। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी मे 8वें दीक्षांत समारोह में संग्राम सिंह यादव पुत्र ऊधम सिंह यादव योगाचार्य निवासी ग्राम सैंयर बिजौली जिला झांसी ने बी.ए योग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया. महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरुमीत सिंह द्वारा व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

www.knlslive.com

# आरपीएफ मित्र योजना समिति ने किया स्वागत एव सम्मान




क्यूँ न लिखूँ सच

नेहा श्रीवास

झाँसी । आर.पी.एफ. महानिरीक्षक प्रयागराज ए.एन. सिन्हा के जनपद आगमन पर आर.पी.एफ. मित्र योजना समिति उ.म.रे. ने उनसे मुलाकात कर स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 में आर.पी.एफ. मित्र योजना समिति के द्वारा आर.पी.एफ.वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के साथ मिलकर जो जागरूकता अभियान चलाए गये उनके बारे में जानकारी दी गयी। समय-समय पर यात्रियों की सुरक्षा, जहरखुरानी रोकने एवं स्वच्छता के लिए पर्चे बैनर पोस्टर के द्वारा यात्रियों को जागरूकता के सम्बन्ध में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई । महानिरीक्षक श्री सिन्हा द्वारा आर.पी.एफ.मित्र योजना समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छा कार्य है भविष्य में भी ऐसे अभियान चलायें जायें , विद्यालयो में भी बच्चों को तथा रैली आयोजित कर स्थानीय नागरिकों को भी जागरुक किया जाये। कोई भी व्यक्ति व यात्री कान में मोबाइल लीड लगाकर ट्रैक पार न करें तथा पुल को उपयोग में लायें। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से विवेकानंद नारायण वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आर.पी.एफ. झाँसी, रविंद्र कौशिक प्रभारी निरीक्षक झाँसी स्टेशन, आर.पी.एफ.मित्र योजना समिति से पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी सचिव, आनन्द कुमार सक्सेना, संदीप साहू, लतेश शर्मा, पियूष शर्मा, जुगल किशोर कुशवाहा, राशिद खान आदि उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए मॉडल




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

बच्चों ने स्मार्ट सिटी, स्मार्ट स्कूल,वाटरप्लूशन, ग्रीन, वाटर पार्क, जैसे विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रज्ञा गुप्ता, कौशलेंद्र गुप्ता ने सभी मॉडल का बारीकी से निरीक्षण किया। तथा छात्र-छात्राओं अक्षत वंश, भूपेन्द्र,अंशू, अंशिका पाण्डेय, वैष्णवी शालू,निकहत सुहानी, सायरा,आरोही, अनिकेत, समर, शाजिया, शुभ्रा, प्रियंका, दृष्टि ,साहिल, रुकैय्या जैनुल अंसारी रुचि अनामिका, ताबिश, आरिफ, विराट,सम्राट, चांद अदीबा, चारू, तैमूर ,अरगून प्रियांशी,को और बेहतर बनाने के गुर सिखाए।साथ ही बच्चों को प्रोत्साहित किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता,वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र सक्सेना, दीपिका बनर्जी, सुलभ अग्रवाल, तरन्नुम, नैना अग्रवाल, प्रतिभा सक्सेना, गायत्री देवी, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पहली महिला कैप्टन डॉ. जागृति सिंह को पुलिस अधीक्षक मऊगंज ने किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

मऊगंज । पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र जैन ने मऊगंज जिले का देश में नाम रोशन करने वाली नव नियुक्ति कैप्टन डॉ जागृति सिंह को कलेक्टर कार्यालय मऊगंज में साल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया है । इस दौरान अपर कलेक्टर मऊगंज श्री ओहरी द्वारा जागृति सिंह के माता पिता को भी सम्मानित किया गया है । विदित हो कि नईगढ़ी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फूल करण सिंह निवासी कैप्टन जगत बहादुर सिंह की पुत्री जागृति ने अक्टूबर माह




2023 में आरवीएस विभाग के लिए आर्मी सर्विस सलेक्शन बोर्ड भोपाल में परीक्षा में सम्मिलित हुई थी और 22 दिसंबर 2023 को परिणाम आया जिसमें देश की केवल चार लड़कियों का चयन हुआ है जिसमें तीन मध्य प्रदेश से तो एक आसाम से है । केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में रिमाउंट विटनरी कोर में महिलाओं की भर्ती के लिए आदेश जारी किए थे । जिसमें डॉ जागृति सिंह देश की पहली महिला कर्नल के रूप में अपना नाम दर्ज करवाया है । नव नियुक्ति कैप्टन डॉ जागृति सिंह आर्मी विभाग के सर्विस सलेक्शन बोर्ड भोपाल में रिमाउंट विटनरी कोर की प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर कैप्टन बनने के बाद पहली बार अपने माता पिता एवं परिवार के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने अल्प प्रवास में मऊगंज आई है । कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव को मिली तो उन्होंने कार्यालय बुलाया लेकिन उनकी अनुपस्थिति में मऊगंज पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र जैन ने सम्मानित किया है ।

# डभौरा रेलवे विभाग का तुरकिया फरमान कई बार नोटिस काटने के बाद एवं जगह चिन्हित करने के बाद भी गरीब बेसहारा निर्धन लोगों को कर रहे हैं परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच

रीवा जिला के जवा जनपद अंतर्गत डभौरा नगर परिषद का बताया जा रहा है विश्वासपात्र सूत्रों के अनुसार डभौरा रेलवे स्टेशन के सामने अगले वर्ष पार्क का निर्माण कराया गया था जो की नियमानुसार रेलवे ट्रैक जो पुरानी बनी हुई थी उसी से नाप हुई और जगह चिन्हित किया गया पार्क का निर्माण कराया गया वही कई आवासीय पटेदार, रेलवे स्टेशन के सामने रहते हैं , जिस समय निर्माण पार्क का हो रहा था साल भर पहले उसे समय जो लोग रह रहे थे अगल-बगल उनके घर के पास रेलवे दीवार का निर्माण कराया गया जो की 3 फीट तक बनाई गई एवं हनुमान मंदिर के तरफ जाने के लिए एक गली का निर्माण कराया गया लोगों के आने-जाने के लिए एवं कुछ


उत्तर मध्य रेलवे
प्रथम नोटिस

जगह पर जहां पर लोग नहीं रह रहे थे वहां पर रेलवे प्रशासन द्वारा दीवाल खींच दी गई और जहां पर लोग रह रहे हैं उसे जगह को छोड़ा गया क्योंकि हाई कोर्ट के आदेश अनुसार रेलवे स्टेशन के सामने अगर किसी का घर एवं निवास होता है तो उसे आने-जाने के लिए रास्ता देने का प्रावधान है उसे कोई भी बंद नहीं कर सकता अगर बंद कर देते हैं ऐसी जानकारी मीडिया को स्थाई लोगों ने दी है, साथ ही रेलवे की जो सीमा है उसकी दीवार ना बंद करने का, अनुरोध भी रेलवे के डीआरएम एवं , रेलवे के विभागीय अधिकारियों से की जाएगी स्थाई लोगों ने इस संदर्भ में जल्द से जल्द रेलवे भूमि से लगी राजस्व की जमीन नापने की राजस्व विभाग के अधिकारियों से मांग की है वही रेलवे विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमने जिला की जमीन 1 इंच भी नहीं ली है तो हम भी रेलवे की जमीन पर किसी कीमत पर किसी को कब्जा नहीं करने देंगे वहीं राजस्व के अधिकारियों का कहना है हम भी रेलवे की जमीन नहीं लेंगे ना ही अपनी राजस्व की जमीन रेलवे को देंगे अब आगे क्या होता है यह तो आने वाला समय बताएगा फिलहाल बेवजह रेलवे प्रशासन डभरा के नगर वासियों को बेवजह परेशान कर रही है इस संदर्भ में सांसद विधायक सत्ता पक्ष के उपमुख्यमंत्री से लोगों ने सीघ ही निराकरण की मांग की है

# मध्यरात्रि में पुलिस अधीक्षक मऊगंज ने दो थानों का किया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

मऊगंज । पुलिस महानिदेशक भोपाल के निर्देश में मऊगंज एसपी बीरेंद्र जैन द्वारा आमजन के लिए रात्रि में पुलिस की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देर रात में कस्बे का भ्रमण कर थाना मऊगंज एवं थाना लौर का औचक निरीक्षण के दौरान जरूरी गतिविधियों का जायजा लिया इस दौरान पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र जैन रात्रि के ढाई बजे लौर थाने पहुंचे । जहां उन्हें लौर थाने में निरीक्षण के दौरान पहरा ड्यूटी में आरक्षक भारत सिंह तो रात्रि गस्त में सहायक उपनिरीक्षक हरिमंगल एवं आरक्षक रविशंकर रावत उपस्थित मिले जबकि हैंड्रेड एफआरवी में आरक्षक अरुणेंद्र सिंह मौजूद रहे इस दौरान पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र जैन करीब साढ़े तीन बजे मऊगंज थाने का औचक निरीक्षण किया जहां पहरा ड्यूटी में आरक्षक प्रमोद पटेल एवं सैनिक कृष्ण कुमार तिवारी मौजूद रहे पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र जैन ने इस दौरान सभी थानों के ड्यूटी रजिस्टर , इंडेक्स टू हिस्ट्री शीट , एमएलसी रजिस्टर समेत सीसीटीवी कैमरों की भी जांच के दौरान तमाम व्यवस्थाएं दुरस्त मिली जिसके अनुसार पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र जैन ने मऊगंज समेत लौर थाने का औचक निरीक्षण किया जहां तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई ।

# राजीव दीक्षित को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बनाए गए मऊरानीपुर तहसील अध्यक्ष

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी

मऊरानीपुर- मऊरानीपुर में हुई संयुक्त मीडिया क्लब की बैठक, राजीव दीक्षित ने तहसील अध्यक्ष का पद संभाला संयुक्त मीडिया क्लब के पदाधिकारियों की हुई बैठक, राजीव बने तहसील अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष बनते ही राजीव ने पत्रकारों को न्याय दिलाने का किया वादा संयुक्त मीडिया क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनरेश यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि,वरिष्ठ पत्रकार दीपक चंदेल,दीपक जौहरी, प्रभात सक्सेना,शहजाद खान,वसीम खान,जसवंत ठाकुर, मो. सैफ की उपस्थित में नगर के राधे राधे गेस्ट हाउस में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी मिश्रा ने की इस मौके पर सर्व सम्मानित से



तहसील अध्यक्ष राजीव दीक्षित व नगर अध्यक्ष संजीव तिवारी को मनोनीत किया गया। वरिष्ठ पत्रकारो ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों को पीड़ित वर्ग को हर कीमत पर अपनी लेखनी के माध्यम से न्याय दिलाने की अपील की गई तथा पत्रिकारिता के माध्यम से पीड़ित को न्याय दिलाने पर जोर दिया। इस मौके पर तहसील व नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सोनू मिश्रा,प्रमोद सिंह,गिरवर सिंह, देवेंद्र चतुर्वेदी,नेहा श्रीवास तहसील उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष दीपक सैनी,नगर कार्यकारिणी संरक्षक महेंद्र सिंह झांकरी, शहीन अशर्फी,नगर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास,महासचिव उमेश अहिरवार ,अश्वनी सिंह,सहसचिव रेशू रमाकांत शांडिल्य,अंजना यादव संगठन मंत्री रजनीश दुबे,सर्वेश राय प्रचार मंत्री संतोष श्रीवास,पपेंद्र तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश राज एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष भूपेंद्र परिहार को पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा संगठन को मजबूत करने तथा ईमानदारी से कार्य करने की अपील की गई बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता ने किया । बैठक में बताया गया कि संगठन का विस्तार आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ संरक्षक जयशंकर देवलिया ने सभी सम्मानित पदाधिकारी और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# भगवान को जानना नहीं मानना है

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी

मऊरानीपुर- नगर के मोहल्ला कुरेचा नाका स्थित प्रसिद्ध धनुषधारी मंदिर परिसर में चल रही चल रही श्रीमद् भागवत कथा में में कथा व्यास बुंदेलखंड पीठाधीश्वर बाबा रामदास ब्रह्मचारी ने कथा का वर्णन करते हुए बताया। श्री मद् भागवत कथा के क्रम में आज श्रद्धेय ब्रह्मचारी जी ने कहा कि जगत्पिता का स्वरूप अनन्त और अगम है।उनको जानना किसी के वश में नहीं है इसी लिए जीव को विश्वास करके उन्हें मानना है;जानना नहीं है।इसका प्रमाण देते हुए उन्होंने



भगवती पार्वती की जीवन कथा सुनाई और बताया कि वन में वनवास के अवसर पर सामान्य व्यक्ति की तरह आचरण करते उन्हें श्री रामावतार पर भ्रम हुआ तो उन्होंने श्रीराम की परीक्षा लेकर सीता का रूप धारण कर मर्यादा का उल्लंघन किया।फल यह हुआ कि वे पिता के घर जाकर आत्म दहन के लिए विवश हुईं।कारागार के बन्धन में बँधी देवकी ने जब कृष्ण के चतुर्भुज रूप को देखा तो उन्होंने भगवान से यह प्रार्थना कि प्रभु!आप मुझे अपना बाल रूप दिखाइए जिससे मैं आपको अपना पुत्र मान सकूं। इस मौके पर अखिलेश सेट,मनोज मिश्रा ,संजय पुरोहित ,दीपू मोदी, घनश्याम कुशवाहा ,हरिश्चंद्र सोनी, सुशील अग्रवाल ,सतीश बाजपेई ,विनय ताम्रकार, श्री राम अग्रवाल, कैलाश वर्मा ,संतोष चौबे ,भागवत मोर ,महेंद्र यादव, बासु बजाज, धर्मेंद्र रिछारिया, रोहित द्विवेदी, जनार्दन मिश्रा ,सुभाष चौ,बे नीलम चतुर्वेदी, रामानंद तिवारी, भागवत नारायण तिवारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी

मऊरानीपुर- विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मऊरानीपुर आनंद सिंह परिहार के मुख्यआतिथ्य तथा खंड विकास अधिकारी मऊरानीपुर सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चुरारी मैं किया गया जिसमें अनेक विभागों के के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे इस मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और उनसे मिलने वाले लाभ को ग्रामीणों को बताया गया को बताया गया तथा ग्राम विकास में भागीदार बनने के लिए आह्वान किया गया । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भारत को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग देने की जनता से अपील की तो वहीं ग्राम




प्रधान शिवकुमार दीक्षित ने सहयोग की अपील करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने व ग्राम विकास में भरपूर सहयोग देने की बात कही इस मौके पर नाम प्रमोद चतुर्वेदी , प्रदीप पटेल, चंद्रशेखर अरजरिया, राकेश नायक, रमेश कुशवाहा, विनोद तिवारी, रोहिणी तिवारी रवींद्र तिवारी ,भागवत नारायण दुबे ,हृदेश दीक्षित, हरपाल सिंह, घनश्याम पांचाल, सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे ठीक है कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी मुख्य अतिथि व ग्राम प्रधान ने बच्चों का अनुप्रासन व गोद भराई की रसमदा कराई

# किशोरी का शव मिलने से फैली सनसनी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। जनपद के बबीना थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक किशोरी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने बताया कि बबीना थानाक्षेत्र अंतर्गत गोचीखेड़ी आदिवासी बस्ती से कुछ दूरी पर रंजना आदिवासी उर्फ छुटकी ( 17 ) का शव मिला है। आदिवासियों ने इस बाबत पुलिस को जानकारी दी। किशोरी का शव जानकारी मिलते ही थाना पुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।फोरेंसिक की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जरूरी साक्ष्य जुटाना शुरू किये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर



आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पूछताछ में परिजनों ने बताया कि छुटकी गुरूवार शाम घर से निकली थी और काफी देर तक वापस न आने पर उसकी तलाश शुरू की गयी। देर रात तक भी छुटकी का कोई पता नहीं चला लेकिन आज सुबह बस्ती के पीछे सूनसान जगह से छुटकी का शव बरामद किया गया। किशोरी का शव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ( एसएसपी ) राजेश एस ने बताया कि घटनास्थल की छानबीन की जा रही है। फोरेंसिक यूनिट भी मौके पर साक्ष्य संकलित कर रही है। प्रथम दृष्टया लग रहा है कि पत्थर से मारकर किशोरी की हत्या की गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है साथ ही घटना खुलासे के लिए दो टीमों का गठन भी किया गया। उन्होंने बलात्कार की आंशका के संबंध में कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो पायेगा। मामले की जांच कर जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# सलका व मंहगई के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर स्थल पर पहुंचे कलेक्टर

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- सूरजपुर ब्लॉक के सलका व प्रेमनगर ब्लॉक के मंहगई स्थल पर आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल कार्यक्रम का वस्तुस्थिति की जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर उन्होंने विभागों द्वारा लगाए गये विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया एवं स्टॉल में उपस्थित आवेदको से चर्चा भी की। कार्यक्रम स्थल में उन्होंने



